हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 16 मार्च 2026

तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 प्रकृति संरक्षण के लिए तैयार होंगे ग्रीन लीडर



12 भालेसूर में रामायण पाठ, भक्तिमय हुआ पूरा माहौल





## खबर संक्षेप

### रात को निकली युवती की लाश सुबह फांसी पर लटकती मिली



**लवन** | थाना लवन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरदा में मृतिका भगवती बंजारे पिता शोभा राम उम्र 19 साल द्वारा अपने घर के पीछे खार में पेड़ पर रस्सी बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया गया है। कि सूचना पर की टीम की उपस्थिति में घटनास्थल निरीक्षण किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि शव की लवन अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया। आत्महत्या का कारण जांच जारी होना बताया गया। परिजनों के अनुसार बीती रात 1 बजे घर से अकेली निकली थी, सुबह फांसी पर लटकती मिली।

### कैप्सूल ने बाइक सवार को रौंदा मौके पर मौत




**लवन** | नगर के लल्लू राइस मिल के पास आज दोपहर 1:45 बजे बलौदाबाजार से कसडोल की ओर जा रही कैप्सूल क्रमांक सीजी 22 जेड 7714 के चालक इरफान खान कसडोल से लवन की ओर आ रहे बाइक चालक राकेश कुर्रे उम्र 27 साल को टक्कर मार दी। जिससे उसका सिर चक्के के नीचे और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। राकेश कुर्रे बुडगहन सुहेला थाना निवासी और बाइक क्रमांक सीजी 22 एएफ 0196 से आ रहा था। प्राथमिक स्तर पर मार्ग कायम कर शव को लवन अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। देर शाम पंचनामा कर शव को परिजनों का सौंपा गया । पुलिस ने बताया कि आमने-सामने हुई टक्कर में मृतक के सिर कुचल कर बुरी तरह से छतिग्रस्त हुआ, जिससे चेहरा पहचानने में काफी तकलीफ हुई। वहां मोबाइल एवं अन्य माध्यम से मृतक की पहचान की गई।

### भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक बने योगेश



**बलौदाबाजार।** भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में योगेश वर्मा की नियुक्ति की गई है। यह नियुक्ति भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन मंत्री पवन साय सहित वरिष्ठ नेताओं की सहमति से की गई। योगेश वर्मा लंबे समय से भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं। संगठनात्मक गतिविधियों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। सुरेंद्र टिकरिहा, नंदकुमार साहू, विजय केशरवानी, टेसूलाल धुरंधर, अशोक जैन सहित अनेक भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की है कि उनके नेतृत्व में प्रकोष्ठ और अधिक सक्रिय होकर संगठन को मजबूत करेगा।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आज



**खरोरा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. लखनलाल मिश्र की पुण्यस्मृति में ग्राम मुरा स्थित पं. लखनलाल मिश्र सेवा परिसर में 16 मार्च को 26वें नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया जाएगा। पिछले 25 वर्षों से निरंतर आयोजित इस जनसेवा पहल से हजारों क्षेत्रवासी लाभान्वित हो चुके हैं। पं. मिश्र के सुपुत्र एवं छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के ▸▸ शेष पेज 11 पर

# लेवाई के सामूहिक विवाह समारोह में 22 जोड़ों की गोंड़ी रीति-रिवार्ज से शादी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज लेवई चक के तत्वाधान में मावली माता के पावन गढ़ में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि बंसी लाल नेताम अध्यक्ष आदिवासी गोड़ समाज मावली महासभा कार्यक्रम के अध्यक्षता नरेश नेताम चक अध्यक्ष,अमर मंडावी जिला पंचायत सदस्य आमंत्रित अतिथियों में कृपाराम ध्रुव प्रवक्ता मुरीत ध्रुव,बद्री प्रसाद पोर्ते, डेंगसिंग ध्रुव, हनुमंत मंडावी, कल्याण ध्रुव ,राम सिंह ध्रुव ,उदय नेताम,पूना राम मंडावी शासकीय कर्मचारी संघ से उदल नेताम, प्रेम शंकर ध्रुव,गोंण्डी धर्म संस्कृति संरक्षण के प्रदेश प्रवक्ता आर के कुंजाम, कौशल कुंजाम, महिला प्रभाग से आशा ध्रुव भागमती ध्रुव, सरपंचों में गायत्री ध्रुव ,हीरामणि ध्रुव ॠषि ध्रुव ,अंजू ध्रुव ,पुष्प लता ध्रुव अगेश्वर ध्रुव,राजकुमार ध्रुव, पंडा पुजारी राजकुमार ध्रुव शिक्षक, अनिल नेताम, संतोष नेताम, भागवत ध्रुव कार्तिक नेताम लेवाई चक की ओर से नरेश मरावी,शत्रुघ्न पोर्ते, उमेश मरकाम ,दुकाल ,शंभू नाथ ध्रुव ,संतोष नेताम, गौरी शंकर ध्रुव बाल मरकाम, सर्व आदिवासी समाज से अशोक मरकाम मोती लाल मंडावी, लेवाई गाँव का योगदान सराहनीय रहा,सांस्कृतिक कार्यक्रम में जय जंगो दाई सुवा नृत्य दल एवं बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ बरातियों का स्वागत किया गया।

## अतिथियों ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद

**खास बातें**

- सांस्कृतिक कार्यक्रम, सुवा नृत्य और आतिशबाजी के साथ बरातियों का हुआ भव्य स्वागत
- आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज लेवई चक के तत्वाधान में आयोजन



**शिक्षा पर जोर दिया**

अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में धर्म संस्कृति रिती नीति व्यवस्था पर चलने पर जोर दिया एवं समाज के आगे दिशा ले जाने शिक्षा पर जोर दिया 22 जोड़ा नव दम्पतियों को उज्जवल भविष्य का कामना करते हुए आशीर्वचन दिए गोंण्डी धर्म रीति नीति व्यवस्था के तहत की पंडा पुजारी द्वारा किया गया।

## सौगात : राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने किया 7.82 करोड़ के मार्ग का भूमिपूजन

# प्रदेश में बिछेगा सड़कों का जाल : वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने रविवार को विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम सकरी में नवापारा -सकरी -सतभांवा मार्ग का विधि -विधान से पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। पुल पुलियों सहित 7 करोड़ 82 लाख 58 हजार रुपए की लागत इस मार्ग का निर्माण होग़ा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि इस सड़क के बनने से लोगों का आवागमन सुगम होगा। हमारी सरकार लगातार विकास कार्य कर रही है। इस बार जिले में कई सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली है। प्रदेश में अच्छी सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदने के बाद कृषक उन्नति योजना के तहत शेष राशि का एकमुश्त भुगतान भी होली के पहले किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मोदी की अधिकांश गारंटी पूरी हो गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने हम सभी को मिलकर काम करना होग़ा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद अध्यक्ष डॉ दौलतराम पाल, जिला पंचायत सदस्य डॉ. मोहव वर्मा, सरपंच कविता वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



## सांसद की अनुशंसा पर जिले को 6 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



**बलौदाबाजार।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले को करीब 6 करोड़ रुपये के विकास कार्यों की मंजूरी मिली है। जिला खनिज न्यास निधि से वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5.99 करोड़ रुपये की राशि विभिन्न जनहितकारी योजनाओं हेतु स्वीकृत की गई है। इस राशि से जिले के 25 आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसके लिए 62 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसके अलावा पाटन क्षेत्र में अमृत सरोवर की तर्ज पर जल संचयन के लिए तालाब पुनरुद्धार कार्य भी कराया जाएगा। क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कई गांवों और वार्डों में सीसी रोड निर्माण, सामुदायिक भवन, आहता निर्माण, पेवर ब्लॉक कार्य, स्ट्रीट लाइट स्थापना तथा स्कूलों में अतिरिक्त कक्षों के निर्माण जैसे कार्य किए जाएंगे। इन योजनाओं से स्थानीय नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव और वार्ड तक विकास पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की विकासोन्मुख नीतियों से प्रेरित होकर क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा रहा है।

## महाविद्यालय में वार्षिक सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में 14 मार्च को वार्षिक स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे। विशिष्ट अतिथियों में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के अध्यक्ष अशोक जैन, प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ सनम जांगड़े, भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवि वर्मा तथा शहर मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव शामिल रहे।

- कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा रहे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए.के. उपाध्याय ने कॉलेज प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने और जीवन में अनुशासन व सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम में एनसीसी के छात्रों द्वारा देशभक्ति समूह नृत्य, छत्तीसगढ़ी गीतों पर युगल नृत्य तथा जंवारा गीत की ▸▸ शेष पेज 11 पर

**मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान**

मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि जीवन की चुनौतियां और कठिनाइयां ही व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर नेट, सेट और पीएचडी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## 12वीं हिन्दी का पेपर सरल होने से विद्यार्थियों के चेहरे खिले

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रिसदा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा केंद्र में 14 मार्च को 12वीं का अंतिम हिंदी का परीक्षा हुआ। पेपर सरल आने से विद्यार्थियों के चेहरे खिले रहे। जिसमें कुल 93 छात्र-छात्राओं में से 92 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए, एक अनुपस्थित रहा | कक्षा 12वीं में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक चांपा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं कक्षा दसवीं में कुल 179 छात्र-छात्राएं परीक्षा दिलाई। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा, चांपा एवं हाई स्कूल सेमहराडीह एवं स्वामी विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित हुई। परीक्षा में किसी तरह कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ केंद्र अध्यक्ष संजय गिलहरे एवं सहायक केंद्र प्रभारी दीपचंद बंजारे एवं अनिल बंजारे रहे। उक्त जानकारी रिसदा हायर सेकेंडरी स्कूल के परीक्षा प्रभारी दीपचंद बंजारे द्वारा दिया गया।

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल का लवन में स्वागत

**लवन।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ग्राम सेल जाते लवन में रुके जहां लवन के कार्यकर्ताओं ने फूल माला से भव्य स्वागत किया। स्वागत करने वालों में प्रमुख अमर मिश्रा, देवीलाल बार्वे, वीरेंद्र बहादुर कुर्रे, प्रताप डहरिया, पार्षद प्रकाश ताम्रकार, सतनामी समाज के अध्यक्ष हिंछाराम अनंत, प्रवीण टंडन सहित अनेक लोग हैं।



## वन्यजीव अपराध में फरार आरोपी ने किया आत्मसमर्पण, जेल भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

वन्यजीव अपराध से जुड़े मामले में फरार चल रहे आरोपी ने लगातार बढ़ते दबाव के चलते न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय के आदेश पर उसे गिरफ्तार कर जिला जेल बलौदाबाजार भेज दिया गया है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वन्यजीव अपराधों की रोकथाम के तहत गुप्त सूचना पर वन मंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील के निर्देश पर जनवरी माह में ग्राम अल्दा में तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान आरोपी शिव सेवक के घर से तेंदुए के दांत, जंगली जानवर के मांस के टुकड़े, जीआई तार, भाला सहित अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की गई। तलाशी के दौरान मुख्य आरोपी मौके से जंगल की ओर फरार हो गया था।

वन विभाग की टीम ने आरोपी की तलाश के लिए सघन खोज अभियान चलाया और डॉग स्क्वाड की भी मदद ली। लगातार दबाव के चलते आरोपी ▸▸ शेष पेज 11 पर

**अंधेरे और जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा था**

- तेंदुए के दांत व जंगली जानवर का मांस बरामद होने के बाद चल रही थी तलाश



## पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा का दिया संदेश

# भगवान श्रीकृष्ण लीलाएं मानव जीवन के लिए संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी



श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कुसमी प में जारी है। कथा व्यास पर विराजमान राष्ट्रीय प्रवक्ता पं रामनाथ तिवारी महाराज श्रीधाम वृन्दावन उत्तर प्रदेश भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का कथा श्रवण करा रहे हैं। जिसमें चतुर्थ दिवस पर कथा प्रसंग पूतना वध, माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा की लीलाओं का विस्तार पूर्वक सुनाया गया। श्रद्धालु भक्ति रस में मंत्रमुग्ध हो गये। पं रामनाथ तिवारी ने कहा कि बालकृष्ण ने कंस द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना के विषैले स्तन का दूध चूसकर उसका वध किया, जिससे उसे मोक्ष की प्राप्ति हुई। भक्तिपूर्ण दृश्य कलाकारों ने पूतना के विशाल राक्षसी रूप के गिरने और गोपियों द्वारा श्रीकृष्ण की सुरक्षा की प्रार्थना करने के भाव को मार्मिक रूप से दर्शाया। कथा व्यास ने बताया कि पूतना, जो पूर्वजन्म में राजा बलि की पुत्री रत्नमाला थी, ने ममता भाव से भगवान को दूध पिलाने की इच्छा की थी, जिसे भगवान ने पूरा किया और राक्षसी रूप में भी उसे मुक्ति प्रदान की।



यह लीला नि:स्वार्थ भक्ति और भगवान की असीम दया का संदेश देती है। जिन्होंने इस दिव्य लीला का आनंद लिया। बालकृष्ण अपनी बाल सुलभ चंचलता में गोपियों के घरों से माखन चुराते हैं, जिसे ब्रजवासी प्रेम का प्रतीक मानते हैं। आचार्य बताते हैं कि यह लीला भक्तों के मन में बसे अहंकार को हटाकर वहां भक्ति रूपी माखन की स्थापना करती है। : माखन चोरी के प्रसंगों को सुनकर भक्त भाव विभोर हो गए।गोवर्धन पूजा और अन्नकूट: गोवर्धन महाराज की विशेष पूजा के साथ छप्पन भोग अर्पित किया गया। पर्यावरण संरक्षण और गायों के प्रति सम्मान का संदेश देता है।

**सच्चा विश्वास हर विपत्ति में करता है रक्षा**

कथा के आयोजक नंदकुमार वर्मा, नीरा वर्मा, लोकेश्वर प्रसाद वर्मा, प्रीती वर्मा है। आयोजकों ने बताया कि यह पूजा समर्पण, आस्था और विनम्रता का प्रतीक है, जो हमें सिखाती है कि सच्चा विश्वास हर विपत्ति से रक्षा करता है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गोवर्धन की परिक्रमा की और आशीर्वाद प्राप्त किया। क्षेत्र अंचल के गणमान्य लोग कथा श्रवण करने पहुंचे जिसमें इस अवसर पर विपिन बिहारी वर्मा, संकेत वर्मा, कांशीराम धृतलहरे, नेमसिंह वर्मा, राहुल चन्द्राकर, भानु वर्मा, सहित भारी संख्या में श्रोतागण उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने तीन आदतन अपराधियों को किया जिलाबदर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार



जिले में वर्तमान कानून व्यवस्था को देखते हुए कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तीन आदतन अपराधियों को एक वर्ष के लिए जिला बदर के आदेश जारी किया है।

- एक वर्ष तक जिला एवं सीमावर्ती जिलों में प्रवेश प्रतिबंधित

आदेश के तहत थाना सिमगा अंतर्गत भवानी नगर सिमगा निवासी खेमलाल उर्फ़ शिवा सोनकर पिता नारायण सोनकर, सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत भैंसापसरा निवासी राहुल भारती पिता चंद्रशेखर भारती एवं थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार अंतर्गत वार्ड नंबर 7 पुरानी बस्ती बलौदाबाजार निवासी विलास चेलक उर्फ़ कानू पिता उदयशंकर चेलक को जिला बदर किया गया है। उक्त कार्रवाई छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3,5 (ख ) के तहत किया गया है जिसमें 1 वर्ष के कालावधि के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा जिला एवं उसके सीमावर्ती जिले बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, सक्ति, बेमेतरा एवं सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिलों की सीमाओं से आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर हटने एवं बाहर चले जाने के आदेश दिए है।

## खबर संक्षेप



### शाही रोजा इफ्तार में हजारों रोजेदारों की भीड़ उमड़ी

रायपुर। मुस्लिम समाज का रमजान माह चल रहा है। इसी कड़ी में नेताजी सुभाष स्टेडियम में शनिवार को शाही रोजा इफ्तार रखा गया, जिसमें दस हजार से अधिक रोजेदार शामिल हुए। इस शाही रोजा इफ्तार में सबसे बड़े 400 फिट लंबे दस्तरखान, जिस पर 500 लोग एक ही दस्तरखान पर बैठे, ऐसे 15 दस्तरखान लगाए गए। उसके बाद नमाज मौलाना अब्दुल रज्जाक साहब ने पढ़ाई और देश-प्रदेश की तरक्की, अमन-चैन, भाईचारा की दुआ की। नमाज बाद फातिहा इमाम हुसैन कर्बला के 72 शहीदों के नाम दी गई, फातिहा और स्वागत के बाद खाना रोजेदार को खिलाया गया। शाही रोजा इफ्तार के आयोजक राहिल रऊफी, नईम अशरफी, रफीक गोठिया, शेख अमीन ने बताया कि महिलाओं के लिए भी इंतजाम किया गया है। उन्होंने बताया कि हजारों रोजेदारों ने रायपुर मुस्लिम समाज की हुसैनी सेना के शाही रोजा इफ्तार में रोजा खोला। मेहमानों में वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. सलीम राज, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंग छाबड़ा, हज कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा एजाज बेग, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमूर इकबाल खान, सिख समाज के तेलीबांधा गुरुद्वारा के ज्ञानी, दिलेर रंधावा, क्रिश्चियन समाज से राजेश जॉन पॉल, मौलाना जहीरूद्दीन साहब, सुरेश मसीह, सिंधी समाज से अजीत कुकरेजा आदि शामिल हुए।

### रायपुर-दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी, दो आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। सोने-चांदी की दुकान में जेवर खरीदने के बहाने जेवर चोरी करने के आरोप में टिकरापारा पुलिस ने दुर्ग पुलिस की मदद से एक महिला तथा एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब पांच लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग के सोने-चांदी की दुकान में चोरी की थी। सोने-चांदी की दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने मूलतः जांजगीर-चांपा निवासी कमलेश्वरी साहू, अभनपुर निवासी मेषराम साहू को गिरफ्तार किया है। देवपुरी स्थित दुर्गा ज्वेलरी में कारोबारी को सोने का रानी हार तथा अन्य जेवर खरीदने का झांसा देकर दोनों जेवर लेकर फरार हो गए थे। मेषराम को दुकान संचालक तथा आसपास के लोगों ने भागने की कोशिश करते मौके पर ही पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने रायपुर के साथ दुर्ग की ज्वेलरी शॉप में चोरी करने का अपराध कबूल किया है।

### दो अलग-अलग मामलों में पुलिस के साथ बदसलूकी के साथ झूमाझटकी



रायपुर। गंज तथा आमानाका थाना क्षेत्र में 24 घंटे के भीतर पुलिस के साथ बदसलूकी करने के साथ झूमा झटकी करने की घटना सामने आई है। पहली घटना में नमस्ते चौक पर जाम हटवाने पहुंचे गंज थाना प्रभारी सुनील दास के साथ झूमा झटकी करते हुए बदमाशों ने उनका हाथ मरोड़ दिया। हाथ मरोड़ने की वजह से टीआई का कंधा डिस्लोकेट (हड्डी खिसकना) हो गया। एक अन्य घटना में टाटीबंध में हुई है। चालान काटने के दौरान ट्रैफिक टीआई विशाल कुजूर और उनके स्टाफ के साथ धक्का-मुक्की कर ई-चालान डिवाइस छीनने की कोशिश की गई। दोनों मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गंज टीआई सुनील दास शुक्रवार रात करीब 12:30 बजे नमस्ते चौक पर ट्रैफिक जाम खुलवाने पहुंचे थे। वहां एक सफेद फ्रोनेक्स कार सीजी 04 क्यूएस 3669 बीच सड़क पर खड़ी थी। जब टीआई ने चालक हंसु कुमार चंद्रवंशी को गाड़ी किनारे करने को कहा, तो वह भड़क गया और चिल्लाने लगा, तुम मुझे जानते नहीं हो, मेरी गाड़ी हटवाने वाले तुम कौन होते हो? आरोपी ने टीआई के साथ झूमाझटकी की और उनका दाहिना हाथ पकड़कर इतनी जोर से मरोड़ा कि उनके कंधे की हड्डी खिसक गई। घायल टीआई को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। आरोपी हंसु शराब के नशे में था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

# रेलवे में एआई का कमाल, यार्ड में लगा 'वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बदलते समय के साथ बेहतर काम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद ले रहा है। यह तकनीक कमियों की सटीक पहचान कर चंद मिनटों में रिपोर्ट तैयार कर देती है। इसी कड़ी में रायपुर रेल मंडल के पीपी यार्ड में एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इस आधुनिक सिस्टम का मुख्य उद्देश्य यार्ड में जांच के लिए आने वाली मालगाड़ियों के डिब्बों की टूट-फूट और खराबी की जल्दी और सही पहचान करना है। इससे मरम्मत के काम को अधिक असरदार बनाया जा सकेगा और रेलवे की सुरक्षा भी मजबूत होगी। एआई पर आधारित यह सिस्टम मशीन लर्निंग तकनीक की मदद से वैगनों में होने वाली अलग-अलग तरह की खराबियों को पहचानता है। इसके जरिए वैगनों में दरवाजे न होना, टूटे हुए दरवाजे, बचा हुआ माल (रेजिडुअल कंसाइनमेंट), फर्श की शीट का न होना और बॉडी पैनल की कमी जैसी खराबियों का अपने आप पता लगाया जा सकता है। जैसे ही कोई मालगाड़ी यार्ड में आती है और इस सिस्टम के पास से गुजरती है, यह तकनीक अपने आप हर वैगन नंबर के साथ उसमें मौजूद कमियों की एक पूरी रिपोर्ट तैयार कर देती है।

## चंद मिनटों में मिलेगी मालगाड़ियों में खामियों की सटीक रिपोर्ट

### लगे हैं हाई-डेफिनिशन कैमरे

इस सिस्टम में बेहतरीन क्वालिटी के 6 हाई-डेफिनिशनकैमरे, खास लाइटिंग और एक अलग सर्वर रूम की व्यवस्था की गई है। कैमरों से मिलने वाली तस्वीरों और सिग्नल्स को सर्वर पर परखा जाता है, जिसके आधार पर हर वैगन की स्थिति की पूरी और सटीक रिपोर्ट बनती है।एआई आधारित यह सिस्टम यार्ड में सामान्य तरीके से होने वाली चेकिंग शुरू होने से पहले ही वैगनों की संभावित टूट-फूट की पूरी जानकारी दे देता है। इससे चेकिंग के दौरान कमियों को पहचानने, मरम्मत की योजना बनाने और जरूरी सुधारों को जल्दी पूरा करने में बहुत मदद मिलती है। यह सिस्टम खुद सीखने वाली (सेल्फ-लर्निंग) एआई तकनीक पर आधारित है। इस वजह से समय के साथ इसके काम करने की क्षमता और सटीकता लगातार बढ़ती रहती है। यह जमा किए गए डेटा को समझकर खुद को और भी ज्यादा बेहतर और सक्षम बनाता है।





### एआई से कार्य में तेजी

तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कुशल निर्देशन एवं निरंतर प्रोत्साहन से जोन में आधुनिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में रेल संरक्षा, परिचालन दक्षता तथा परिसंपत्तियों के रखरखाव को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न नवाचारों को लागू किया जा रहा है।

# उत्तर जोन में संवाद से समाधान जागरूकता अभियान चलाया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सीएफआई के आडिटोरियम हॉल में कार्यक्रम

भनपुरी के छत्तीसगढ़ फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज़ और आलू प्याज़ आढ़तिया संघ द्वारा सीएफ़आई के ऑडिटोरियम हॉल में संवाद से समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मे पुलिस अधिकारी डीसीपी-नार्थ जोन मयंक गुर्जर, एसीपी (उरला) पूर्णिमा लांबा, प्रोविजनल डीएसपी अमित कोसमा, खमतराई टीआई राजेश सिंह एवं उरला थाना टीआई रोहित मालेकर उपस्थित रहे। सीएफ़आई के अध्यक्ष शंकर बजाज ने कार्यक्रम में शामिल सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

डीसीपी, नार्थ जोन मयंक गुर्जर ने इस मौके पर बताया किनया कमीशनरेट कमिश्नर संजीव शुक्ला के नेतृत्व मे किस तरह से काम कर रहा है। उन्होंने बहुत ही सरल शब्दों मे समझाया कि कैसे हम अपने दैनिक व्यवहार मे अनुशासित होकर सुरक्षा के साथ बिना भय के उद्योग चला सकते है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरो का व्यवस्थित इंस्टालेशन पर प्रकाश डाला। आम नागरिक की मदद पुलिस कैसे कर सकती है, किस तरह से उद्योगपति और पुलिस प्रशासन आपसी सामंजस्य से काम करें इन बिंदुओं को भी समारोह में बताया गया।

उरला क्षेत्र की एसीपी पूर्णिमा लांबा ने नये कमीशनरेट व्यवस्था और उसकी ज़रूरतों के बारे में जानकारी दी। टीआई खमतराई राजेश सिंह ने कहा की भनपुरीं,ख़मतराई औद्योगिक इलाक़ा है और पुलिस का हमेशा यही प्रयास रहता है कि क़ानून व्यवस्था का पालन हो, उद्योगपति,व्यापारी सुकून से अपना व्यापार कर सके। खुले मंच पर सभी उद्योगपति एवं व्यापारियों ने इस मौके पर अपनी बात रखी।अधिकारियों ने कहा की पुलिस व्यापारिओं की हर संभव मदद करेगी।

समारोह में आलूप्याज़ व्यापारी संघ,भनपुरीं, ख़मतराई एवं आसपास के उद्योगपति व्यापारी प्रतिनिधि और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि,फेडरेशन के सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### दूधाधारी सत्संग भवन में परिचय सम्मेलन आज

रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ की ओर से 15 मार्च युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मठपारा स्थित दूधाधारी सत्संग भवन में होगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी प्रदेशाध्यक्ष अरविंद ओझा और कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास, खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा, औषधि पादप बोर्ड अध्यक्ष अंजय शुक्ला, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, पूर्व पार्षद मृत्युंजय दुबे आदि शामिल होंगे।

### नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आमरण अनशन

# डीएड अभ्यर्थियों की दंडवत यात्रा विधानसभा घेराव के लिए निकले

## पुलिस ने रास्ते में रोका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एसडीएम ने कहा- बांड भरकर अनशन पर बैठे हैं, इसलिए आगे बढ़ने की अनुमति नहीं

डीएड अभ्यर्थियों ने शनिवार को 2300 सहायक शिक्षक पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना स्थल से दंडवत प्रणाम करते हुए विधानसभा घेराव के लिए यात्रा निकाली। पुलिस ने उन्हें बीचे रास्ते में ही रोक दिया। मौके पर मौजूद एसडीएम का कहना है, अभ्यर्थी बांड भरकर अनशन पर बैठे हुए हैं, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आगे बढ़ने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

दरअसल, प्रदेशभर के डीएड अभ्यर्थी 24 दिसंबर से नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे हुए हैं। उनका कहा है न्यायालय के आदेश का तत्काल पालन करते हुए सभी पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए। अभ्यर्थियों का कहना है, इस मामले में हाईकोर्ट ने 2 अप्रैल 2024 और 26 सितंबर 2025 को तथा सुप्रीम कोर्ट ने 28 अगस्त 2024 को स्पष्ट आदेश दिया कि 2621 बर्खास्त बीएड सहायक शिक्षकों के स्थान पर 2,621 डीएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी जाए। इसके बावजूद शिक्षा विभाग की लापरवाही के कारण आज भी 1326 पात्र डीएड अभ्यर्थी नियुक्ति से वंचित हैं।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि शिक्षा विभाग ने 2,621 पदों पर डीएड अभ्यर्थियों को कामन मेरिट लिस्ट के बिना दस्तावेज सत्यापन के ही स्कूल अलॉटमेंट कर दिया। इसके कारण केवल 1299 पात्र डीएड अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति मिल पाई, जबकि 1316 ऐसे अभ्यर्थियों को भी स्कूल अलॉटमेंट कर दिया गया था जिनके पास डीएड या टीईटी प्रमाणपत्र नहीं था या जिनकी आयु निर्धारित सीमा से बाहर थी। प्रभावित डीएड अभ्यर्थियों ने शासन से मांग की है कि न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सभी पात्र अभ्यर्थियों को शीघ्र नियुक्ति दी जाए।

# एफएसएसएआई नियमों में बड़े सुधार से छोटे खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत : पारवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- केन्द्र सरकार के प्रति जताया आभार

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने कहा है कि कि देशभर के व्यापारियों द्वारा समय-समय पर उठाए गए मुद्दों और उनके समाधान के लिए किए गए प्रयासों का एक महत्वपूर्ण परिणाम खाद्य व्यवसायों से संबंधित नियमों में किए गए व्यापक सुधारों के रूप में सामने आया है। इससे छोटे खाद्य व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है।

श्री पारवानी ने बताया कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के समक्ष देशभर के व्यापारियों ने समय-समय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठकों एवं बोर्ड मीटिंग्स के माध्यम से एफ.एस.एस.एआई लाइसेंस से जुड़ी जटिलताओं, अनुपालन प्रक्रियाओं तथा व्यावहारिक समस्याओं को उठाया था। इन सुझावों और मांगों को व्यवस्थित रूप से संबंधित मंत्रालयों तक पहुंचाया गया, जिसके परिणाम स्वरूप भारत सरकार द्वारा नियमों को अधिक सरल एवं व्यापार-अनुकूल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि नए प्रावधानों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से मूल पंजीकरण के लिए वार्षिक कारोबार की सीमा 12 लाख से बढ़ाकर 1.5 करोड़ रुपए कर दी गई है। इस निर्णय से देशभर के सूक्ष्म एवं लघु खाद्य व्यवसायों को अनुपालन के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी तथा छोटे व्यापारियों के लिए व्यवसाय करना अधिक सरल होगा।

अमर पारवानी ने बताया कि नगरीय निकायों में पंजीकृत स्ट्रीट वेंडर्स को अब एफएसएसएआई के अंतर्गत स्वतः पंजीकृत माना जाएगा, जिससे विभिन्न विभागों में अलग-अलग पंजीकरण कराने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। इस निर्णय से देश भर 10 लाख से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने यह भी बताया कि लाइसेंस को स्थायी वैधता प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है, जिससे बार-बार लाइसेंस नवीनीकरण की जटिल प्रक्रिया समाप्त होगी।

इन महत्वपूर्ण सुधारों के लिए अमर पारवानी ने केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय व्यापारी समुदाय के हितों की रक्षा करने के साथ-साथ देश के खाद्य व्यापार को अधिक संगठित, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

### नाबालिग छात्र पर चाकू से किया हमला

रायपुर। टिकरापारा में एक नाबालिग छात्र ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी विवाद के चलते उस पर चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मठपुरैना निवासी आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र ने अपने ही मोहल्ले के एजाज खान के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। छात्र ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को वह सामान खरीदने जा रहा था। इस दौरान एजाज ने नाबालिग छात्र का रास्ता रोक उसके ऊपर चाकू से हमला किया।

# देर रात लकड़ी फैक्ट्री में आग से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उरला औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार देर रात लकड़ी फैक्ट्री में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि फैक्ट्री में रखा एक ट्रैक्टर और कई मशीनें जलकर पूरी तरह खाक हो गईं। घटना के समय फैक्ट्री के अंदर फंसे दो कर्मचारियों को दमकल कर्मियों ने करीब ढाई से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाला। उरला थाना क्षेत्र स्थित भीम सरिया मिनरल प्राइवेट लिमिटेड की लकड़ी फैक्ट्री में आधी रात के आसपास अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। फैक्ट्री से उठती लपटें और धुएं को देखकर आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर निगम और निजी संस्थानों की दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास किया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

# नगर निगम का राजस्व महकमा 100 बड़े डिफाल्टरों के नाम करेगा सार्वजनिक

## बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर नाम और विवरण होंगे उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम का राजस्व विभाग शहर के 100 बड़े बकायादारों की सूची सार्वजनिक करने की तैयारी में है। यदि इन बड़े बकायादारों ने तत्काल अपना बकाया कर जमा नहीं किया, तो निगम प्रशासन उनके नाम व विरण उजागर करने के साथ ही कुर्की और सीलबंदी की कार्रवाई शुरू करेगा। इसके लिए जोन स्तर पर तैयारी की जा रही है। नगर निगम के दस जोन से प्रत्येक के दस सबसे बड़े बकायादारों को चिन्हित किया गया है। राजस्व विभाग के अफसरों के मुताबिक संबंधित बड़े बकायादारों को चेतावनी दी गई है कि वे तत्काल अपना संपूर्ण बकाया कर का भुगतान करें। भुगतान न होने की स्थिति संबंधित संपत्तियों को सील करने और राजस्व नियमों के तहत कुर्की की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।




**अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे दफ्तर**
करदाताओं की सुविधा के लिए नगर निगम रायपुर ने विशेष व्यवस्था की है। 31 मार्च 2026 की अंतिम तिथि तक नगर निगम के सभी 10 जोन कार्यालय शनिवार और रविवार के शासकीय अवकाश के दिनों में सामान्य कार्य दिवसों की तरह खुले रहेंगे।

### होम्योपैथिक शिविर में ग्रामीणों ने कराया इलाज

रायपुर। रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा पवनी ग्राम में शनिवार को निशुल्क होम्योपैथिक शिविर आयोजित किया गया। इसमें बच्चे संबंधी रोग, स्त्री संबंधी रोग, वात रोग, बवासीर एवं विभिन्न पुरानी बीमारियों का इलाज किया गया। यहां पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी रोगों के बारे में जानकारी दी गई। इस शिविर में रायपुर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिलीप मुकुंद पिंपले, उप-प्राचार्य डॉक्टर निर्मल भोई, डॉ. योगेश श्रीवास्तव, मेडिकल ऑफिसर एवं शिविर प्रभारी केवल पटेल, इंटेनिंग एवीएन सुबोध चौहान बीएचएमएस ने तीसरे साल सेवाएं दीं। इस अवसर पर पवनी के सरपंच एवं सचिव उपस्थित थे।

# भाजपा ने लिया बंगाल विजय का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पश्चिम बंगाल जनसभा का लाइव टेलिकास्ट सुना गया। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के ऑडिटोरियम में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता, कार्यकर्ता और बंगाली समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा ने इस अवसर पर बंगाल विजय का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बेनर्जी की तानाशाह सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा कार्यकर्ता चुनावी रण में उतर चुके हैं। पश्चिम बंगाल में इस बार कमल खिलेगा और पूर्ण बहुमत से वहां पर भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कार्यक्रम में आए बंगाली समाज के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ममता बेनर्जी की अराजक सरकार को उखाड़ फेंकने एवं भाजपा की सरकार बनाने के लिए कार्यकर्ताओं एवं बांग्ला समुदाय के अपील करते हुए कहा, पश्चिम बंगाल में एक अराजक सरकार है जो लगातार बंगाल के विकास में बाधा बन कर खड़ी हुई है। लेकिन अब जनता समझ चुकी है और वह पश्चिम बंगाल में विकास चाहती है। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ता एवं बंगाल का जनमानस तानाशाह ममता सरकार की जल्द विदाई करने वाला है। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक केदार गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा का लाइव प्रसारण देशभर में देखा गया। इसमें बड़ी संख्या में बंगाली समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए ताकि वे अपने परिजनों और परिचितों से संपर्क कर भाजपा के समर्थन में मतदान के लिए प्रेरित कर सकें।

# ये कैसी नीलामी, खनिज विभाग से अनुबंध पर पर्यावरण विभाग नहीं दे रहा एनओसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत का अवैध कारोबार पर लगाम कसने एवं आम लोगों को सही कीमत पर रेत मिल सके, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में रेत की खदानें बढ़ाते हुए नवंबर-दिसंबर में सात नई खदानें घोषित कर इन खदानों में रेत उत्खनन के लिए नीलामी कराई। इस नीलामी के बाद लोगों एवं संस्था को इन खदानों का ठेका भी मिल गया है, लेकिन इसके बाद भी इन खदानों में अब तक रेत उत्खनन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसका कारण पर्यावरण विभाग है।

इन खदानों के ठेकेदारों ने एनओसी लेने के लिए जो आवेदन किए हैं, उसकी फाइलें पिछले लगभग चार महीने से डंप पड़ी हुई हैं। यह एनओसी आखिर क्यों नहीं मिल पा रही है, इसकी जानकारी पर्यावरण विभाग के अधिकारी भी नहीं दे रहे हैं। इधर एनओसी नहीं मिलने के कारण संबंधित खदानों के ठेकेदारों की चिंता बढ़ी हुई है, क्योंकि गर्मी का सीजन जारी है। इसके बाद जून से बारिश का सीजन शुरू हो जाएगा, जिससे 10 अक्टूबर तक खदानों में उत्खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा।



### जांच करने तक नहीं पहुंचे पर्यावरण विभाग के अफसर

विभागीय सूत्रों से पता चला है कि खनिज विभाग में खदानों की नीलामी की प्रक्रिया होने के बाद विभाग और खदान ठेकेदारों के बीच अनुबंध होता है। इस अनुबंध के तहत ठेकेदार दस्तावेजों के साथ पर्यावरण विभाग में एनओसी लेने के लिए आवेदन करता है। इस आवेदन पर एनओसी देने से पहले पर्यावरण विभाग द्वारा खदानों का निरीक्षण किया जाता है। इस निरीक्षण में विभाग के अधिकारी जांच करते हैं कि खदानों में उत्खनन होने तथा भारी गाड़ियों के आवागमन से पर्यावरण और गांव को कितना नुकसान हो सकता है तथा इस नुकसान से बचाने एवं भरपाई के लिए खदान के आसपास एवं गांव में पेड़-पौधे लगाने से लेकर अन्य क्या-क्या कार्य ठेकेदारों को करना है, इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार की जाती है।

### बारीक रेत की घट नहीं रही कीमत

जिले की ज्यादातर खदानों से मीडियम रेत ही निकल रही है। बारीक रेत कुछेक खदान से ही निकल रही है। इसके कारण बारीक रेत की कीमत भी जिले में घट नहीं रही है। ट्रेडर्स संचालकों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में बारीक रेत हाईवा में 20 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 25 रुपए फीट तक यह बिक रही है। मीडियम रेत भी हाईवा में 15 से 16 रुपए फीट है, वहीं चिल्हर में 18 से 20 रुपए फीट की दर से बिक रही है।

### 8 खदानों में ही वैध उत्खनन

जिले में नवंबर-दिसंबर 2025 में नई 7 खदानों की नीलामी हुई। इससे पूर्व 13 खदानों की नीलामी हुई थी, जिसमें से 5 खदानों को करीब एक साल तक पर्यावरण विभाग से एनओसी ही नहीं मिल पाया था। ये 5 खदानों का अनुबंध भी खत्म हो गया है। इस तरह अब सिर्फ 8 खदानों में वैध रूप से रेत का उत्खनन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### सट्टा खिलाते दो आरोपी गिरफ्तार

**पलारी।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी /"समाधान सेल/" हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल/" के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में आज दिनांक 14 मार्च को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर ग्राम अमेरा बस स्टैंड के पास सट्टा-पट्टी लिखने वाले आरोपी सटोरिया एवं इस सट्टा को लेने वाला खाईवाल सहित 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से नगदी रकम 8390, सट्टा-पट्टी एवं पेन जप्त किया गया। आरोपी सटोरियों के विरूद्ध थाना पलारी में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 06(क) के तहत अपराध क्र. 125/2026 पंजीबद्ध कर बलदेव ध्रुव उम्र 60 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी, लेखराम साहू उम्र 50 साल निवासी ग्राम अमेरा थाना पलारी पर कार्यवाही किया गया है।

### शिक्षिका ने पति पर लगाया मारपीट, प्रताड़ना का आरोप

**महासमुंद।** शिक्षिका ने अपने पति के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पटेवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को रायतुम निवासी शिक्षिका प्रतिमा दीक्षित ने बताया कि उसे पति मनोज शर्मा पिता केशव प्रसाद शर्मा के द्वारा विगत 6 माह से मारपीट, गाली-गलौज और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसके पति घर का दरवाजा, ताला तोड़ देते हैं, साथ ही राशन भी बेच देते हैं। वहीं 14 मार्च को जान से मारने की धमकी भी दी गई। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296 351(2) 115(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### शशिकांत बने प्रदेश साहू संघ युवक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक

**महासमुंद।** प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया। जिसमें उन्होंने विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजकों की नियुक्ति की। इसी क्रम में युवाओं में सबसे चर्चित चेहरे रायपुर निवासी शशिकांत साहू को प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ का संयोजक नियुक्त किया। विदित हो कि साहू पूर्व में जिला संयोजक रायपुर की जिम्मेदारी निभा चुके हैं जिसमें उनके नेतृत्व क्षमता अनुकरणीय आंकी गई। उनके इसी कार्यप्रणाली को देखते हुए प्रदेश के सर्वोच्च पद पर उन्हें स्थान दिया गया। शशिकांत साहू की नियुक्ति पर महासमुंद से अजय साहू, मनीष साहू, विकास साहू, चंदन साहू समेत प्रदेश साहू संघ का आभार व्यक्त किया है। उक्त जानकारी जिला साहू संघ (युवा प्रकोष्ठ) महासमुंद के पूर्व महामंत्री अजय साहू आमाकोनी ने दी है।

### लो-वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे अंचलवासी

**नर्रा।** लो वोल्टेज का संकट अब आम जनता के लिए भी सबब बन गया है। इस क्षेत्र के लोग फरवरी माह से ही लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे है। मार्च के महीने भीषण गर्मी के दौर में जहां बिजली लो-वोल्टेज की समस्या के कारण पंखे, कूलर नहीं चल पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि दिन में भी लो-वोल्टेज रहता है, वहीं रात मे बल्ब भी ठीक जल नहीं पा रहे हैं। रात में गर्मी और मच्छर के चलते लोगों की परेशानी बढ़ गई है। इसका सीधा असर खेतीबाड़ी पर भी पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण बाड़ी में लगे टुल्लू पंप के अलावा ट्यूबवेल की धार भी पतली हो गई है। इन दिनों ग्रीष्मकालीन रबी धान फसल, मूंगफली एवं सब्जी की खेती कर रहे किसान सिंचाई के लिए परेशान है। इसके साथ ही गांवों में नल जल योजना के तहत संचालित पानी टंकियां को भी भरना मुश्किल हो गया है।

## आयोजन : विधायक इन्द्र साव ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान

# कांग्रेस के विस सम्मेलन में कार्यकर्ताओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के पदमा रिसॉर्ट में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा के तत्वावधान में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कृषक कल्याण परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने उपस्थित सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए अपने दो वर्षों के कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और कांग्रेसजनों को सम्मानित किया।

इस दौरान विधायक साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सभी को होली एवं आगामी नवरात्र पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें एक साधारण कार्यकर्ता को विधायक बनने का अवसर दिया, जिससे वे आप सभी के सहयोग और आशीर्वाद से क्षेत्र की सेवा कर पा रहे हैं। साव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतनी तेज धूप और गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में कार्यक्रम में पहुंचकर आप सभी ने जो स्नेह और समर्थन दिया है, उससे उन्हें जनता और संगठन की सेवा करने की और अधिक शक्ति मिलती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता हमेशा से ही संघर्ष और समर्पण की मिसाल रहे हैं और संगठन की मजबूती इन्हीं कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बनती है।

**इनकी रही उपस्थिति :** इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक ध्रुव, पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री सुमित्रा धृतलहरे , पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा,निगम मंडल पूर्व सदस्य सतीश अग्रवाल, आलोक मिश्रा एवं कुबेर यदु ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वागत भाषण सिमगा के विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने दिया। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव ने सभी कार्यकर्ताओं को तिरंगा गमछा पहनाकर सम्मानित किया तथा महिलाओं को मोमेंटो एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष दिवाकर मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन सिमगा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक ने किया।कार्यक्रम में ईश्वर सिंह ठाकुर,सुधेराम वर्मा, गौरी भृगु, विमलेश्वरी ध्रुव,पार्षद अजय ठाकुर, रोशन हबलानी,मोहन केशरवानी,नरेंद्र यदु पार्षद,नानू सोनी,सुरेंद्र यदु,चंद्र शेखर चक्रधारी के अलावा बडी संख्या कांग्रेसजन मौजूद रहे।



### संगठन को मजबूत कर आगामी चुनावों के लिए जुटने का आह्वान

उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करते हुए सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों का खुल कर विरोध करने की कार्यकर्ताओं से अपील की तथा आगामी विधान सभा चुनावों में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए अभी से पूरी ताकत के साथ कार्य करने का आहवान कार्यकर्ताओं से किया।

### जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकतः सुरेन्द्र

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित सुरेन्द्र शर्मा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसके जमीनी कार्यकर्ता होते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास संघर्ष, सेवा और जनता के अधिकारों की लड़ाई का रहा है और इसी विचारधारा को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है।

# यादव समाज की बैठक में युवकों और सक्रिय बनाने पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सर्व यादव का जिलास्तरीय बैठक प्रांताध्यक्ष रमेश यदु के मुख्य आतिथ्य में जिलाध्यक्ष शिवराम यादव के अध्यक्षता में यादव भवन बलौदाबाजार में श्रीकृष्ण के छायाचित्र में पूजा अर्चना कर संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष रमेश यदु ने कहा कुछ दिन पूर्व वर्चुअल बैठक के माध्यम से बैठक हुआ जिसमें पूरे प्रदेश भर में नए जिलाध्यक्षों का निर्वाचन होना है सभी जिलों ने अलग अलग दिन और समय तय हुआ इसी तारम्य में बलौदाबाजार जिला में 22 मार्च तय हुआ इसकी तैयारी हम सभी को मिलकर करना है पूरे जिले भर 200 लगभग यादवजन इस निर्वाचन में भाग लेंगे।।

■ 22 मार्च को होगा जिलाध्यक्ष का निर्वाचन

इसी क्रम में जिलाध्यक्ष शिवराम यादव ने पूरे वर्ष भर हुए कार्यक्रम का वृत्त सभी के बीच रखे और कार्यक्रम में साथ सहयोग हेतु सभी का आभार प्रकट किए। युवा जिलाध्यक्ष उमेश यदु ने यादव समाज के युवा साथियों से अधिक अधिक युवाओं को समाज में भागीदारी एवं जल्द ही युवाओं का बड़ा सम्मेलन करने की बात कही। महिला जिलाध्यक्ष पुष्पा यादव ने महिलाओं को भी समाज लगातार आगे आने की बात कही और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। मंच संचालन सर्व युवा यादव समाज प्रदेश महामंत्री लोकेश यदु ने व आभार व्यक्त कार्यकारी जिलाध्यक्ष बोधन यादव द्वारा किया गया।

बैठक में प्रमुख रूप से सर्व यादव समाज जिला कोषाध्यक्ष हरीश यादव, बलौदाबाजार ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश्वर यादव, भाटापारा ब्लाक अध्यक्ष भीखम यादव, सुखदेव यदु, दिनेश यादव, रितेश यादव, राजेंद्र यदु, खोरबाहरा यादव, मोहन, आजूराम, हरिकीर्तन, भूमेश धेनु सेवक, संजय, दुर्गेश, रामकुमार, ईश्वरी, अरुण, कुसुम, सुमन यादव आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा किसान मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य बने हेमकुमार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद यादव के सहमति से जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद वर्मा की अनुशंसा पर जिला पदाधिकारियों कार्यकारणी सदस्यों के नाम की घोषणा की गई। जिसमे पलारी के घिरघोल निवासी जिला किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य हेमकुमार साहू की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त जिला कार्यसमिति सदस्य हेमकुमार साहू ने कहा कि जिस भरोसे के साथ पार्टी ने उनको जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने की हरसंभव प्रयास करेगा। उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए रज्जाक खान, यमलोक साहू, मुकेश झा, टोमन साहू, संजू साहू, पलारी मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, रोहांसी मंडल अध्यक्ष विजय कोसले, संडी मंडल अध्यक्ष मिथलेश मुकेश साहू, संकुमार साहू, धीरज मिश्रा, हेमंत साहू, नीलकमल साहू, बिसाहू राम साहू, राजेंद्र साहू, रामशंकर बंजारे, चरण दास तेहरवंश, उमेश यदु, प्रभा कोसले, निर्मला रजक, अनुसुइया चंद्राकर, खिलेश्वरी साहू, संतोषी मानिकपुरी आदि ने हर्ष व्यक्त की है।

# दो साल में नहीं मिली राहत विधानसभा में भी नहीं उठा मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां

अंचल के चिटफंड निवेशकों ने भाजपा सरकार से कोई राहत नहीं मिलने और विपक्षी पार्टी कांग्रेस द्वारा चिटफंड पर कोई सवाल नहीं करने पर दोनों पार्टियों पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। निवेशकों ने कहा कि राज्य के चिटफंड पीड़ितों को अब तक कोई राहत नहीं मिली है जबकि भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनें 2 साल से ऊपर हो गया वहीं विपक्ष में बैठी कांग्रेस को भी कोसते हुए कहा कि विधान सभा के सदन में इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी के विधायकों ने कोई सवाल भी नहीं उठाए। राज्य में सैकड़ों चिटफण्ड कंपनियों की करोड़ों रुपए की संपत्ति है लेकिन इन सबकी निष्क्रियता से न्यायालयों में मामले लंबित पड़े हुए हैं। पहचान की गई संपत्तियों की नीलामी के लिए अंतः कालीन और अंतरिम आदेश नहीं हो रहें हैं। इन पार्टियों की निष्क्रियता से न्यायलयों के सरकारी वकील और बाबू चिटफण्ड के आरोपियों से मिलीभगत कर मामलों को लंबित रखें हुए हैं जिससे हम पीड़ितों का फंसा हुआ पैसा वापस नहीं मिल पा रहे हैं इसके लिए ये दोनों पार्टियां जिम्मेदार हैं। चिटफंड पीड़ितों में मुख्य रूप से एस कुमार,भुवनेश्वर कुमार बंजारे, रतिराम, अनिल अनंत, सुनील इत्यादि ने पैसे वापस करने की कार्यवाही तेज करने की मांग की है।

### पीड़ितों का पैसा जल्द वापस कराया जाए

निवेशकों ने दोनों पार्टी को एक ही सिक्के के दो पहलू बताया और दोनों पर चिटफंड पीड़ितों को जानबूझकर राहत नहीं पहुंचाने का आरोप लगाया। निवेशकों ने आगे कहा कि यदि भाजपा की डबल इंजन की सरकार को पीड़ितों के प्रति जरा भी चिंता होती तो ये राज्य के विभिन्न जिला कलेक्टर न्यायालय और जिला सत्र न्यायालयों पर चिटफंड के चल रहे मामलों पर अपने कानूनी सलाहकार से सुझाव और सलाह लेकर इस लंबित मामले को जल्द निपटाने की कार्यवाही कराती। वहीं विपक्षी पार्टी कांग्रेस को कहा कि छ ग राज्य के विधानसभा सदन में कांग्रेस के दर्जनों विधायक हैं लेकिन किसी ने इस मुद्दे को लेकर कोई सवाल नहीं उठाया। सरकार को इस विषय पर जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधियों द्वारा ध्यानाकर्षण न कराया जाना बेहद गंभीर और निंदनीय है ।

# प्रकृति संरक्षण के लिए तैयार होंगे ग्रीन लीडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार




वनमण्डल कार्यालय में शनिवार को युवान वॉलेंटियर्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति, वन एवं वन्य जीव संरक्षण से जोड़ते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना रहा।

■ बलौदाबाजार वनमण्डल में युवान ओरिएंटेशन का आयोजन

वनमण्डलाधिकारी धम्मशील गणवीर ने उपस्थित युवान वॉलेंटियर्स को संबोधित करते हुए प्रकृति, वन, वन्यजीव एवं समुदाय के पारस्परिक संबंधों के महत्व को समझाया। उन्होंने "युवान" के अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह पहल युवाओं को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाने का एक प्रयास है। उन्होंने बताया कि युवान वॉलेंटियर्स प्रोग्राम के अंतर्गत युवाओं को आगे प्रशिक्षण, फील्ड एक्सपोजर तथा विभिन्न संरक्षण गतिविधियों में सहभागी बनाया जाएगा, जिससे वे भविष्य में ग्रीन लीडर के रूप में समाज में सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अजय मिश्रा (सहायक प्राध्यापक, शासकीय लवन कॉलेज), बर्डर हेमंत वर्मा तथा अजीम फाउंडेशन से श्री एस.के. अब्दुल उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. अजय मिश्रा द्वारा वेटलैंड कंजर्वेशन के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। वहीं सौरव राजवाड़े द्वारा युवान वॉलंटियर्स प्रोग्राम की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रस्तुति दी गई तथा सौरव मेहरा द्वारा मानव-हाथी सह अस्तित्व विषय पर रोचक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम में बलौदाबाजार वनमण्डल के अंतर्गत आने वाले विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों सहित वनमण्डल क्षेत्र के अनेक युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम में अधीक्षक बारनवापारा अभ्यारण्य कृषानू चन्द्राकार, परिक्षेत्र अधिकारी प्रखर नायक,गुलशन साहू सहित वनमण्डल के समस्त परिक्षेत्र अधिकारी एवं वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बोर्ड परीक्षाओं का समापन...



**पलारी।** वटगन विद्यालय में पलारी शासकीय उच्चतर माध्यमि विद्यालय वटगन में 10वीं 12वीं बोर्ड परीक्षा उत्साह के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कक्षा 10वीं का परचा 9 मार्च को समापन हुआ ओर 12वीं बोर्ड का 14 मार्च को समापन हुआ। बेहतर परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्ष दिलीप साहू ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्राचार्य एच के वर्मा, व्याख्याता बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, टी के साहू, सगुण सोनी, सुशीला जांगड़े, रामकुमार वर्मा सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद थे।

### पिथौरा थाना क्षेत्र के लाखागढ़ में चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा के ग्राम लाखागढ़ में आइसक्रीम व ब्रेड का होलसेल व्यापारी के घर चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया यश सिंघल पिता दिनेश सिंघल (23 वर्ष) 12 मार्च को अपने पिता दिनेश सिंघल के ईलाज के लिए रायपुर गया हुआ था और उसका भाई संकेत अग्रवाल 13 मार्च को पिथौरा आ गया। दोपहर में वह प्रार्थी के घर में सोया था और करीब 12:50 बजे अपने घर से चला गया था। रात्रि में घर में कोई नहीं था। 14 मार्च को उसके भाई संकेत जब उसके घर आया तब देखा कि सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था, और घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। सूचना मिलने के बाद वह वापस आया तब पता चला कि घर के अलग-अलग जगह पर रखे लगभग 18000 रुपए को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 331(4), 305 ए बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# निर्धारित समय के बाद बज रहा डीजे जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित समय सीमा के उपरांत तथा तय सीमा से अधिक, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे एवं धूमाल बजाने वाले संचालकों पर कड़ी कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा आज दिनांक 14 मार्च की रात्रि निर्धारित समय सीमा के उपरांत, तीव्र आवाज में मालवाहक वाहन में डीजे साउंड सिस्टम बजाने वाले डीजे संचालक के विरुद्ध कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। 14 मार्च की रात्रि सूचना मिली कि गायत्री मंदिर के पीछे लवन रोड में बलौदाबाजार में डीजे संचालक द्वारा मालवाहक वाहन में बहुत ही तीव्र आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है। कि उक्त सूचना पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर डीजे संचालक अनावेदक युवराज कन्नौजे उम्र 34 साल निवासी ठाकुर देव चौक पुरानी बस्ती बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली के विरुद्ध 1995 की धारा 15(1) कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही कर वाहन क्र. सीजी 04 जेसी 5570 सहित संपूर्ण डीजे साउंड सिस्टम जब्त किया गया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले डीजे एवं धुमाल संचालकों के विरूद्ध थाना सिटी कोतवाली पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भाजपा किसान मोर्चा के डब्लू सिंह महामंत्री और रोहित मंत्री बने




**भाटापारा।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, गौरी शंकर अग्रवा, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक शिव रतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष द्वारिका वर्मा की अनुशंसा से पूर्व मंडल अध्यक्ष डब्लू सिंग ठाकुर को भाजपा बलौदा बाजार भाटापारा जिला किसान मोर्चा का महामंत्री व रोहित साहू टेहका वाले को मंत्री पद का दायित्व दिया गया, इस अवसर पर भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला राम वर्मा, भाटापारा मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, ग्रामीण व निपनिया मंडल के भाजपा नेताओं ने बधाई दिया। जिसमें मुख्य रूप से पवन वर्मा भाटापारा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष, मथुरा यदु निपनिया मंडल अध्यक्ष, धनीराम साहू, मन्नू लाल यादव, गोलू देवांगन, कनक मानहरे बृजेश निषाद, मनोज महराज, राजेश पटेल, राजेश कोशले, खुमान वर्मा, युगल साहू, राजेंद्र साहू, ठाकुर राम साहू, राजू यादव, घनश्याम वर्मा, रोहित वर्मा, पवन वर्मा, दिनेश वर्मा, सतीश सोनी, सुरेश वर्मा, झाला राम साहू, प्यारे लाल रजक, जीवन वर्मा, जीतू साहू, केशव ध्रुव, संतोष ध्रुव, नारायण जोगी, बलराम साहू, हेमंत ध्रुव, भोला राम साहू, सत्यनारायण साहू, दुर्जय ध्रुव, एवं क्षेत्र के सभी नेताओं हर्ष जाहीर किया।

## पेज 9 के शेष

### वन्यजीव अपराध में ...

शिव सेवक पिता परदेशी राम गोंड, निवासी ग्राम अल्दा, पोस्ट भिभोरी, तहसील कसडोल ने न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कसडोल के समक्ष आत्मसमर्पण किया। प्रकरण में सहयोगी आरोपी मेहतारू पहले से न्यायिक अभिरक्षा में है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 (संशोधित 2022) के तहत कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में उप वनमंडलाधिकारी निश्चल शुक्ला, वनपरिक्षेत्र अधिकारी श्वेता कुमारी सिंह सहित वन विभाग की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### महाविद्यालय में ...

प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रा अंजली ध्रुव की प्रस्तुति को विशेष सराहना मिली। समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य ने कार्यक्रम की सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दीं।

### निःशुल्क स्वास्थ्य .. .

उपाध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) गणेश शंकर मिश्र के मार्गदर्शन में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शिविर आयोजित होगा। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र, दंत, हड्डी, स्त्री व शिशु रोग सहित अन्य बीमारियों की जांच, परामर्श व निःशुल्क दवा वितरण किया जाएगा। गंभीर मरीजों के उपचार व ऑपरेशन की भी व्यवस्था की जाएगी।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटने के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द >साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का लेज़र मशीन / क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में 18 मार्च को होंगी ग्रामसभाएं

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ ग्रामीण पेयजल संचालन एवं संधारण नियम, 2024 अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्थापित ग्रामीण पेयजल व्यवस्था के संचालन एवं संधारण हेतु उद्ग्रहित किये जाने वाले प्रभार के निर्धारण का प्रस्ताव पारित कर जल कर का निर्धारण एवं अनुमोदन हेतु 18 मार्च 2026 को जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।। इस सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। विशेष ग्राम सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो इस हेतु वृहद् प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिये गए है। ग्राम सभा में शत प्रतिशत उपस्थिति एवं गणपूर्ति सुनिश्चित कराने का दायित्व संबंधित सरपंच एवं पंचों का होगा।

### खरमास में विवाह सहित मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

**खरोरा।** 14 मार्च से खरमास लगने के कारण अब विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्यों पर अस्थायी विराम लग गया है। ज्योतिषाचार्य पं धनंजय शर्मा के अनुसार सूर्य के मीन राशि में प्रवेश करने से खरमास प्रारंभ हो जाता है, जिसके दौरान विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, सगाई जैसे शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है। इस वर्ष 14 मार्च से खरमास प्रारंभ होने के कारण विवाह के मुहूर्त बंद हो गए हैं। अब अगले शुभ विवाह मुहूर्त 20 अप्रैल से प्रारंभ होंगे। इसके बाद पुनः विवाह सहित अन्य मांगलिक कार्य पूरे विधि-विधान से संपन्न किए जा सकेंगे। पं. जी का कहना है कि खरमास की अवधि में लोग धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ, दान-पुण्य और तीर्थ दर्शन करना अधिक शुभ मानते हैं। इस अवधि में विवाह जैसे बड़े संस्कार नहीं किए जाते। खरमास समाप्त होने के बाद 20 अप्रैल से विवाह के कई शुभ मुहूर्त उपलब्ध रहेंगे, जिससे विवाह समारोहों की रौनक फिर से शुरू हो जाएगी।

### रावन में रामायण समारोह 19 को

**भरूवाडीह।** समीपस्थ ग्राम रावन में नवयुवक दुर्गात्सव समिति गौरा चौक शिव मंदिर रावन और समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर तीसरा वर्ष पांच दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन 19 से 24 मार्च तक होगा। समिति द्वारा प्रत्येक मंडली 501 दी जाएगी। यह जानकारी समिति के गणेश राम वर्मा ने दी।

### गोपालपुर में संत कर्मा माता जयंती मनी



गोपालपुर । साहू भवन में कर्मा माता की प्रतिमा की महिला पुरुष ने पूजा अर्चना कर संत कर्मा माता जयंती मनायी। गांव के घर में अपने अपने द्वार पर कलश जलाया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भागवत साहू अध्यक्ष साहू समाज गोपालपुर, सोनाऊ राम व राम नारायण साहू उपाध्यक्ष साहू समाज गोपालपुर, नारायण साहू पूर्व अध्यक्ष साहू समाज गोपालपुर, बिसेशर साहू पूर्व परिक्षेत्र अध्यक्ष साहू समाज सरसीवां, भागवत साहू पूर्व कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र सरसीवां, डॉ टेकलाल साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष बिलाईगढ एवं सैकड़ो के संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।

जयंती : पूजा अर्चना कर सुख शांति समृद्धि की कामना की

# श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई भक्त माता कर्मा जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

पापमोचनी एकादशी पर साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती की अवसर पर रविवार को साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र मुख्यालय के साहू समाज भवन भवानीपुर में समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा, राजिम भक्तिन माता की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख शांति समृद्धि, खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर ग्रामीण साहू समाज भवानीपुर अध्यक्ष धनेश्वर साहू ने कहा कि हम सबको संत माता कर्मा राजिम भक्तिन माता के बताए संदेशो का अनुसरण करना चाहिए, भक्त माता कर्मा ने अपनी भक्ति, त्याग और तपस्या के बल पर भगवान जगन्नाथ को अपने हाथों से खिचड़ी खिलाई और अपनी कीर्ति अनंत काल के लिए स्थापित की साथ ही सभी ग्रामीण सामाजिक बंधु को अपील की आज विशेष दिन मना कर अपने अपने घरों में रंगोली बनाकर माता कर्मा के नाम से दीप



जलाए । इस अवसर मनोज साहू, सीताराम साहू, वीरेंद्र साहू, विजय साहू संजू साहू, संतोष साहू, नारायण साहू, काशीराम साहू, दिलेराम साहू, बद्रिकाप्रसाद साहू, धनेश्वर साहू, एमन साहू, जगमोहन साहू, संतोष साहू, वामदेव साहू, ईशान साहू सहित सामाजिकजन उपस्थित रहे।

### गोड़ा में मनाई गई माता कर्मा जयंती



**पलारी।** रविवार को तैलिक वंश की कुलदेवी, श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त, त्याग तपस्या, सेवा की प्रतिमूर्ति संत शिरोमणि माता कर्मा जयंती साहू समाज ग्रामीण इकाई गोड़ा द्वारा कर्मा मंदिर में पारंपरिक विधि विधान पूजा अर्चना के साथ माताजी को खिचड़ी एवम महाप्रसादी भोग लगाकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।उपस्थित जनो ने संत भक्त माता कर्मा के आदर्शों पर चलने की बात दोहराई। इस अवसर साहू समाज दतान परिक्षेत्र के संगठन मंत्री रूपेंद्र साहू, तहसील साहू संघ के महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कौशील्या साहू, कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ पलारी, कुलेश्वर साहू, डायमंड साहू पूर्व संयोजक जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ बलौदाबाजार, मुरली साहू पूर्व प्रचार प्रसार मंत्री तहसील साहू संघ पलारी, खिलेंद्र साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ बलौदाबाजार, हरि साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज, नारायण साहू ग्रामीण कोषाध्यक्ष, ईश्वर साहू ग्रामीण संगठन सचिव, रामेश्वर साहू ग्रामीण सचिव, नंदनी साहू ग्रामीण संगठन सचिव, डीगेश्वरी साहू पूर्व ग्रामीण महिला उपाध्यक्ष, सुकालूराम साहू पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष, हेमलाल साहू ग्रामीण सलाहकार, शिवकुमार साहू ग्रामीण सलाहकार, फूलचंद साहू अध्यक्ष जय मां कर्मा स्वयं सेवी संस्था गोड़ा, संतोष साहू ग्रामीण समाज सेवक, खेदुराम साहू, वरिष्ठ समाजसेवीगण नकुल साहू, पुनितराम साहू, पवन साहू, मुन्ना साहू, भुनेश्वर साहू, मंशाराम साहू, दुकालू साहू, मोहन साहू, जयप्रकाश साहू, दानेश्वर साहू, गुलशन साहू, लक्की साहू, सतीश साहू, यश साहू, टिकेश्वर साहू, रुक्मणि साहू, अंजली साहू, श्रद्धा साहू, मिथलेश साहू, सुनीता साहू, मीना साहू, पुष्पा साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण साहू समाज गोड़ा सामाजिकजन उपस्थित थे।

### मुंडा में साहू समाज ने धूमधाम से मनाई माता कर्मा की जयंती

**मुंडा।** साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। मेन रोड पर स्थित ग्राम पंचायत मुंडा में डमरू परिक्षेत्र के पूर्व



उपाध्यक्ष एवं वर्तमान कोषाध्यक्ष पोखराज साहू के निवास में साहू समाज के लोग एकत्र हुए और माता कर्मा की छायाचित्र पर माल्यार्पण और विधिवत पूजा अर्चना कर कर्मा जयंती मनायी। माता कर्मा को याद करते हुए साहू समाज ने एकता शिक्षा और सामाजिक उत्थान का संकल्प लिया। साहू संघ लवन तहसील कोषाध्यक्ष डॉ परमेश्वर साहू ने भक्त माता कर्मा का स्मरण करते हुए कहा कि मां कर्मा देवी भगवान की महान भक्त थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन दिए थे। तब माता ने अपने सामने बैठाकर भगवान श्रीकृष्ण को खिचड़ी खिलाई थी। जयंती कार्यक्रम के दौरान धनेशराम साहू, दुर्गा प्रसाद साहू, पोखराज साहू, हरिशंकर साहू, नीलकंठ साहू, धनसाय साहू, बलभद्र साहू, अमरनाथ साहू, रामकुमार साहू, शिवचरण साहू, अमित कुमार साहू, सिद्धेश्वर साहू, बद्री साहू, यशकुमार साहू गौरव साहू सहित साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

## माता कर्मा जयंती पर साहू समाज ने वृद्धाश्रम में किया सेवा कार्य

- वृद्धजनों को बांटा प्रसाद व उपयोगी सामग्री

**बलौदाबाजार।** सेवा, त्याग और समर्पण की प्रतिमूर्ति भगवान श्री कृष्ण की अनन्य भक्त एवं साहू समाज की आराध्य देवी संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती के उपलक्ष्य में नगर साहू समाज द्वारा समाज कल्याण विभाग संचालित श्री वाटिका वृद्धाश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को माता कर्मा का प्रसाद वितरण किया तथा दैनिक उपयोग की सामग्री जैसे तेल, साबुन, निरमा, शैंपू, टूथपेस्ट आदि भेंट कर उनका सम्मान किया। इस सेवा कार्य से वृद्धजनों के चेहरे पर खुशी झलक उठी। आश्रम में उपस्थित वृद्धजनों ने समाज के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए भावुक होकर कहा कि आप ही लोग हमारे दाई-ददा हो और उनसे



समय-समय पर मिलने आने का आग्रह भी किया। इस पर समाजसेवियों ने बुजुर्गों को आश्वस्त करते हुए कहा कि समाज हमेशा उनकी सेवा के लिए तत्पर रहेगा और निरंतर उनका सहयोग करता रहेगा।

कार्यक्रम में परिक्षेत्र साहू संघ बलौदाबाजार के कार्यकारी अध्यक्ष संतोष साहू, खपरी के डॉ. रामेश्वर प्रसाद साहू व शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरुण साहू, सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## शैक्षिक गुणवत्ता व छात्र सुरक्षा पर हुई विस्तृत चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- अप्रैल में कार्यशाला आयोजित करने का आश्वासन

भारतीय जनता पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक व पूर्व विधायक प्रत्याशी टेसूलाल धुरंधर तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बरतराम पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे से मुलाकात कर जिले में शैक्षिक व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा, सहायक संचालक के.एस. मेंरावी, सहायक जिला पूर्व मिशन समन्वयक एम.एल. ब्रम्हाणी, सहायक मिशन समन्वयक अरुण वर्मा तथा बीईओ बलौदाबाजार राजेंद्र टंडन भी उपस्थित रहे।

बैठक में शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार, बच्चों की सुरक्षा, पालकों और शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, मॉडल स्कूल की तर्ज पर शिक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान, सरकारी नीतियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार, विद्यालयों में संसाधनों की उपलब्धता, नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन तथा आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. संजय गुहे ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए जिले के सभी शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों की कार्यशाला अप्रैल माह में आयोजित करने का आश्वासन दिया।

चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रकाश तिवारी सहित प्रतिनिधिमंडल ने भीषण गर्मी को देखते हुए 16 मार्च से विद्यालयों में सुबह पाली संचालित करने की मांग रखी। इस पर त्वरित पहल करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर की स्वीकृति के बाद आदेश जारी कर दिया। इस निर्णय पर भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के टेसूलाल धुरंधर, बरतराम पटेल तथा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया।

## भालेसूर में रामायण पाठ से भक्तिमय हुआ पूरा माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

- श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़, समापन पर होगा भव्य भंडारा

मोहरा समीपस्थ ग्राम भालेसूर में इन दिनों भक्ति और आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिल रहा है। गांव के प्रसिद्ध रामायण चौक में आयोजित रामायण पाठ एवं कीर्तन कार्यक्रम के कारण पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना हुआ है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचकर रामायण कथा का श्रवण कर रहे हैं और भगवान श्रीराम के नाम का गुणगान कर रहे हैं। इस



धार्मिक आयोजन में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। रामायण मंडली द्वारा मधुर स्वर में रामायण पाठ और भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और रात के समय रोशनी तथा सजावट से माहौल और भी मनमोहक दिखाई देता है।

श्रद्धालु देर रात तक बैठकर रामायण कथा का आनंद ले रहे हैं। ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन लगातार चल रहा है। आयोजन में गांव के बुजुर्ग, युवा और महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। सभी लोग मिलकर धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे रहे हैं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 16 मार्च को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से इस धार्मिक आयोजन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।इस संबंध में जानकारी देते हुए टकेश्वर प्रसाद वर्मा ने बताया कि गांव में रामायण पाठ का आयोजन हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाता है। इस आयोजन से गांव में भाईचारा और धार्मिक भावना मजबूत होती है तथा लोगों को आध्यात्मिक शांति भी मिलती है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समापन अवसर पर आयोजित भंडारे में शामिल होने का आग्रह किया है।

## माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग के लिए प्रशिक्षण का शुभारंभ आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार के रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर एवं एनआईएमएसएमई हैदराबाद द्वारा सेक्टर स्पेसिफिक ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस फूड प्रोसेसिंग में प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा में होग़ा। प्रशिक्षण का पहला बैच 16-17-18 मार्च दूसरा बैच 19 -20 -21 मार्च को सुबह 10:30 बजे से शाम के 4:30 बजे तक होगा।इस प्रशिक्षण में माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूसर फूड प्रोसेसिंग से संबंधित नई तकनीक, नए उत्पादों, मशीनरी, आदि के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही ब्रांडिंग, पैकेजिंग मार्केटिंग, आवश्यक सर्टिफिकेशन एवं बिजनेस डेवलपमेंट पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में फूड प्रोसेसिंग और माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस से जुड़े हुए उद्यमी, महिला उद्यमी, स्व सहायता समूह एवं युवा साथी भाग ले सकते हैं । यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्णता निशुल्क है प्रशिक्षण पश्चात प्रमाण पत्र दिया जाएगा एवं निशुल्क उद्यम पंजीयन कराया जाएगा। पंजीयन हेतु प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मैं सुबह 10:30 बजे केवीके भाटापारा में संपर्क कर सकते हैं, अपने आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड और अकाउंट डिटेल के साथ ला सकते हैं। आधार कार्ड आवश्यक है।

## तिहाड़ जेल भेजे गए विनोद तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ऐप्सटिन फाइल्स से संबंधित एक पोस्ट करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव विनोद तिवारी को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें तिहाड़ जेल भेज दिया है।

श्री तिवारी की गिरफ्तारी की अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस छत्तीसगढ़ ने निंदा की है। बताया जाता है कि विनोद तिवारी अपने पिताजी के अंतिम पिंड दान करने उत्तरप्रदेश के कौशांबी जिले गए हुए थे। तब वहां से दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए रातो रात दिल्ली लाकर शनिवार को पटियाला हाउस कोर्ट दिल्ली में पेश किया। जहां न्यायालय ने उन्हें तिहाड़ जेल भेजनें का आदेश दिया। उन पर बीएनएस की धारा 336 (4) 356 और 353 (1) के तहत आईटी एक्ट का मामला बनाकर अपराध दर्ज किया गया है।

अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने कहा विनोद तिवारी ने अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल करते हुए विश्व भर में मोदी और एपस्टिन के कारण हो रही देश की बदनामी पर एक सोशल मीडिया पोस्ट कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि एपस्टीन फाइल्स में नाम आने मात्र से देश की छवि पूरे विश्व में धूमिल हुई है, जिसका कारण सिर्फ नरेंद्र मोदी और हरदीप पुरी है। श्री अली ने कहा की सत्ता के नशे में बिजेपी सरकार में नौनिकता नाम की चीज भी नहीं बची है। सरकार में इसलिए विनोद तिवारी को पिंडदान जैसे कार्यक्रम से उठाकर जेल भेजनें से यह साबित हो गया है कि बीजेपी सरकार किसी भी हद तक जा सकती है।




**आए दिन बिजली बंद होने से बढ़ी समस्या:महासमुंद।** एक ओर जहां लगातार गर्मी बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर आए दिन बिजली बंद रहने से लोगों की समस्याएं बढ़ गई हैं। विभाग द्वारा कंस्ट्रक्शन कार्य के नाम से नगर में कई-कई घंटों तक बिजली बंद किया जा रहा है। यह स्थिति कलेक्टोरेट रोड, नयापारा, इमलीभांठा इलाके में आए दिन बन रही है। लोगों को कार्य प्रभावित हो रहे हैं।




जिला कांग्रेस कार्यालय में बनी रणनीति

## 17 को विधानसभा घेराव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

आगामी 17 मार्च को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को सफल बनाने के उद्देश्य से रविवार को जिला कांग्रेस कार्यालय बलौदाबाजार में विधानसभा स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आंदोलन की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारियों तथा अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार-भाटापारा की अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे तथा विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी सतीश अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुई। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और जनविरोधी नीतियों से परेशान



है। इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्टी सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को लेकर 17 मार्च को रायपुर में आयोजित विधानसभा घेराव में शामिल हों। साथ ही आंदोलन को शांतिपूर्ण, अनुशासित और संगठित तरीके से सफल बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष परमेश्वर यदु, पूर्व मंडी अध्यक्ष तुलसीराम वर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सेन, ग्रामीण अध्यक्ष दीपक साहू, भानु प्रताप वर्मा, गोल्डी मारईया, जितेंद्र नवरत्न, सूर्यकांत वर्मा, जय सिंह ठाकुर, नीलकंठ साहू सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

